‘आयुष संवाद’‘उत्तराखंड आयुष: संसाधन एवं संभावनाएँ’कार्यक्रम

चर्चा में क्यों?

16 दिसिंबर, 2021 को उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और केंद्रीय पोत परिवहन एवं जल मार्ग, आयुष मंत्री, सर्वानंद सोनोवाल ने हरिद्वार के अलकनंदा घाट में आयुष एवं आयुष शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित ‘आयुष संवाद’‘उत्तराखंड आयुष: संसाधन एवं संभावनाएँ’कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

प्रमुख बिंदु

- इस अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने केदारनाथ धाम व बद्रीनाथ धाम का उल्लेख करते हुए कहा कि केदारनाथ में 400 करोड़ रुपए की योजनाओं के लोकार्पण व शिलान्यास हुए हैं तथा अप्रैल में केदारनाथ में तीसरे चरण के कार्यों की शुरुआत हो जाएगी। इसके अलावा बद्रीनाथ धाम के लिये 250 करोड़ रुपए की योजनाओं की स्वीकृति प्रदान की गई है।
- इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने केंद्रीय मंत्री पोत परिवहन और जल मार्ग, आयुष, भारत सरकार से उत्तराखंड में अखिल भारतीय आयुर्वेदिक संस्थान खोले जाने की मांग की।
- सर्वानंद सोनोवाल ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कई घोषणाएँ कीं-
- राष्ट्रीय आयुष मिशन के तहत उत्तराखंड में 10 बेड का आयुष हॉस्पिटल स्थापित किया जाएगा।
- राज्य के प्रत्येक ज़िले में एक-एक मोबाइल आयुष यूनिट (आयुष रथ) संचालित किये जाएंगे।
- राष्ट्रीय आयुष मिशन के तहत राज्य में राजकीय होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज तथा 50 बेड का यूनानी हॉस्पिटल स्थापित किया जाएगा।
- राज्य में 100 आयुष वेलनेस सेंटर स्थापित करने के लिये आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी।
- नेशनल मेडिकल प्लांट्स बोर्ड की सहायता से राज्य के 200 स्कूलों में हर्बल गार्डन तथा तेरह ज़िलों में तेरह नर्सरियों की स्थापना की जाएगी।
- मेडिकल प्लांट आदि की अवस्थापना के लिये प्रत्येक वन पंचायत को 15 लाख रुपए की सहायता दी जाएगी।
- इसके अतिरिक्त उन्होंने कहा कि उत्तराखंड आयुर्वेदिक यूनिवर्सिटी में मर्म चिकित्सा की व्यवस्था की जाएगी तथा यह देश का प्रमुख केंद्र बनेगा। भारत सरकार की ओर से उत्तराखंड को आयुष क्षेत्र के विकास के लिये सहायता दी जा रही है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/ayush-dialogue-uttarakhand-ayush-resources-and-possibilities